गोष्ठी आयोजित

अनूपशहर : जेपी विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत जन योजना अभियान का आयोजन किया। जेपी यूनिवर्सिटी के कुलपति डा : राजीव सक्सेना के निर्देशन में गांव सलामतपुर में स्वयंसेवकों, छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय ग्रामीणों को ग्रामीण जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा की। शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी और स्थानीय बाजारों में कम कीमत पर मिलने वाले घटिया खाद्य पदार्थों के कारण बीमारियों में हो रही वृद्धि पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के समन्वयक डा.मुदित सिंह ने कहा कि जैसे-जैसे भारत अपने विकासात्मक लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है, ऐसे प्रयास ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस आयोजन में रवि कुमार, विकास, अभिषेक, मनीष, देवोजीत, सारा, दीपांशु, यशाग्र मौजूद रहे।